राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई)
प्रगति मैदान, गेट नं 4 के समीप,
भैरों रोड़, नई दिल्ली – 110001

दिनांक: 21.01.2025

**निविदा संख्या: 26/2024-25**

नीलामीकर्ता/व्यक्तिगत के द्वारा मोहरबंध निविदाएँ **"(निष्क्रीय घोषित कार्यालय वाहन-मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर)'' जैसा है, जहां है के आधार पर** विक्रेता बेच रहा है तथा खरीदार मद उसे उसी स्थिति में स्वीकार कर रहा है, निपटान के लिए निम्नलिखित नियमों एवं शर्तो के अनुसार नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित है : -

<u>नीलामी के लिए नियम एवं शर्तें</u>

1. निविदा जमा कराने से पूर्व, निविदाकर्ता **दिनांक 03.02.2025** तक किसी भी कार्यदिवस में अपराहन 2:00 से 3:00 बजे के बीच केन्द्र के परिसर में मद का मुआइना और केंद्र के प्राधिकारी से स्पष्टीकरण (यदि कोई हो, तो) प्राप्त कर सकते है ।

2. सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगें।

3. प्रस्ताव को निविदा के नियमों और शर्तों की प्रति के साथ विधिवत भरकर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर करके ही जमा करें अन्यथा निविदा को खारिज कर दिया जाएगा । निविदा फॉर्म में किसी प्रकार की अस्पष्टता (ओवर राइटिंग) की अनुमति नहीं है और ऐसी निविदा को खारिज कर दिया जाएगा । प्रस्तावित राशि को स्पष्ट रूप से नंबर साथ ही साथ शब्दों में अंकित करना अपेक्षित है ।

4. पूर्णरूप से भरी हुई निविदा बोलियाँ मोहरबंध लिफाफे में अपराहन 03.30 बजे तक **दिनाँक 04.02.2025** को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली में जमा की जायेगी और उसी दिन सांय 04.00 बजे निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में (यदि कोई हो, तो) प्राप्त निविदाओं को खोला जायेगा। ऐसी निविदाएँ जो तय तारीख और समय के पश्चात प्राप्त होगी स्वीकार नहीं की जाएंगी तथा उन्हे सीधे खारिज कर दिया जाएगा ।

5. **बयाने की राशि ₹10,000/- (रूपये दस हज़ार मात्र)** जोकि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्मित डिमांड ड्राफ्ट/ अथवा भुगतान आदेश के रूप में **"NATIONAL SCIENCE CENTRE**" के पक्ष में बनवाई गई हो और जो **'NEW DELHI'** में भुगतान हेतु देय हो, को बोली आमंत्रण प्रपत्र के साथ जमा अथवा संलग्न किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर, निविदा को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा । ऐसी अस्वीकृत निविदाएँ और असफल बोलीदाओं से प्राप्त बयाने की राशि को निविदा खुलने की तिथि से 15 दिनों के भीतर लौटा दिया जायेगा। केंद्र में जमा उपरोक्त बयाने राशि की राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा ।

6. किसी निविदा या सभी निविदाओं को जो भी कारण हो बिना बताए पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार केंद्र के पास आरक्षित है ।

7. उच्चतम बोली की स्वीकृति पर, निविदाकर्ता को 24 घंटों में पूरी राशि को जमा करना होगा और इस केंद्र द्वारा निर्गमित स्वीकृति पत्र की तारीख से 3 कार्यदिवसों में अपनी लागत और जोखिम पर मद को ले जाना होगा, ऐसा ना करने पर, मद की सुरक्षा के लिए केंद्र जिम्मेदार नही होगा ।

8. यदि चयनित निविदाकर्ता स्वीकृति पत्र के निर्देश के अनुपालन के लिए मना करते है और 24 घंटों में पूरी राशि को जमा करने और ऑर्डर के प्लेसमेंट की तारीख से 3 दिनों के अंदर मद को ले जाने में असफल होते है, तो बिना किसी संदर्भ के तुरंत आदेश को रद्द कर दिया जाएगा और ब्याने की राशि को जब्त कर लिया जाएगा और किसी भी कीमत पर इस संबंध में कोई भी पत्राचार/ अनुरोध आदि का जवाब नही दिया जाएगा ।

9. प्राप्त निविदाओं मे उच्चतम बोली लगाने वालों को ही सामान उठाने की अनुमति दी जाएगी ।

10. निविदा के संबंध में किसी भी तरह की सिफ़ारिश पूरी तरह निषेध है जो निविदाएँ एजेंसियों के द्वारा जमा हुई है यदि वे किसी तरह की सिफ़ारिश का सहारा लेगी तो सिर्फ इसी आधार पर अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी होगी ।

11. चयनित निविदाकर्ता और केंद्र के बीच किसी भी प्रकार के विवाद और भेदभाव के लिए महानिदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् के द्वारा नामांकित एकमात्र मध्यस्थ व्यक्ति को निर्दिष्ट किया जाएगा जिसका निर्णय इस संबंध में अतिम और दोनों चयनित निविदाकर्ता और केंद्र के लिए बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधान या किसी अन्य संवैधानिक संशोधन या इसके पुन: अधिनियमित होने पर और इसके तहत बनाए गए नियमों को इस नीलामी के अंतर्गत मध्यस्थता कार्यवाही पर लागू होगा ।

12. वाहन पूर्ण रूप से अनुपयोगी हो गया है और वाहन का मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र संबन्धित परिवाहन प्राधिकारी को समार्पित कर दिया गया है।

13. नीलामी के बाद वाहन के हस्तांतरण और वाहन को व्यावसायिक या किसी अन्य उददेश्य के लिए प्रयोग करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

14. निविदा/बोली में भाग लेने वाली एजेंसी विशेष अनुरोध पर निविदा के परिणाम के बारे में जानकारी और अन्य संबंधित विवरण, यदि कोई हो तो प्राप्त कर सकते है।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
(मोहर के साथ)

**प्रस्ताव प्रपत्र /**
**(OFFER FORM)**

सेवा में,

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई)
प्रगति मैदान, गेट नं 4 के समीप,
भैरों रोड़, नई दिल्ली – 110001

महोदय,

मैंने/हमने **"(निष्क्रीय घोषित कार्यालय वाहन-मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर)'' जैसा है, जहां है के आधार पर** नीलामी के लिए जारी **निविदा प्रपत्र संख्या:-26/2024-25** के दस्तावेजों को पढ़ा, समझा और इसे सभी नियमों और शर्तों के साथ स्वीकार किया हैं ।

मैने ब्याने की राशि के रूप में **रूपये 10,000/-** का डिमांड ड्राफ्ट/अदायगी आदेश संख्या__________________दिनांक_______________जोकि बैंक ______________________________द्वारा निर्मित है, जमा/संलग्न किया है।

मैं/ हम एतद द्वारा उपरोक्तलिखित निविदा के लिए मेरी/हमारी बोली नीचे दिए गए विवरणानुसार है :

| विवरण | बोली राशि (रूपये में) |
|---|---|
| ''निष्क्रीय घोषित कार्यालय वाहन-मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर'' जैसा है, जहां है के आधार पर । | |
| वस्तु एवं सेवा कर 18% अतिरिक्त | |
| **कुल (सभी करों सहित)** | |
| **रूपये शब्दों में :** | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
(मोहर के साथ)

नाम : ________________________

पता : ________________________

________________________

फोन नं ________________________

ईमेल : ________________________

स्थान : _______________

दिनाँक : ________________

## राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली का बैंक अकाउंट संबंधी विवरण:-

| | |
|---|---|
| Name of the Account Holder | NATIONAL SCIENCE CENTRE, DELHI |
| Account No. | 2417101004100 |
| Bank Name | CANARA BANK |
| Bank Address | 6, BHAGWAN DAS ROAD, NEW DELHI |
| IFSC Code | CNRB0002417 |
| MICR Code | 110015045 |
| Type of Account | SAVING ACCOUNT |
| Branch Code | 2417 |
| GST No. | 07AAAAN2541C1Z5 |